केंद्रीय आवासन व शहरी मंत्रालय ने किया

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2021

का परिणाम घोषित

## जेएनएसी व जुगसलाई को मिली उल्लेखनीय सफलता



# स्वच्छ सर्वेक्षण में जमशेदपुर अक्षेस व जुगसलाई नगर परिषद ने लहराया परचम

■ नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया पुरस्कार ■ 400 से कम शहरी निकाय वाले राज्यों में झारखंड को मिला नंबर वन का अवार्ड

## जमशेदपुर की रैंकिंग में पिछले साल के मुकाबले एक पायदान का सुधार

10 लाख की आबादी वाले शहरों में जमशेदपुर को मिला देश में 12वां रैंक

# स्वच्छ सर्वेक्षण में जेएनएसी फिर राज्य में अव्वल

जेएनएसी को 4656, जुगसलाई को 3169

उपलब्धि. 100 से कम शहरी निकाय में झारखंड नंबर वन

# स्वच्छ सर्वेक्षण में जेएनएसी और जुगसलाई को पुरस्कार

इंदौर लगातार पांचवीं बार सबसे स्वच्छ शहर

देश में 100 से कम शहरी निकायों की केटेगरी में झारखंड फिर अव्वल, इंदौर लगातार 5वें साल टॉप पर

स्वच्छ सर्वेक्षण

# जमशेदपुर को 10 लाख से कम आबादी वाले श्रेणी में देश में मिला 12वां स्थान, टॉप 20 में झारखंड का इकलौता शहर

3 कारण जिससे झारखंड बना नंबर वन

# स्वच्छ सर्वेक्षण में जेएनएसी को मिला 12वां स्थान

डीसी एंड टीम ने प्राप्त किया अवार्ड

गार्बेज फ्री सिटी व सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज के लिये दो विशेष पुरस्कार

जमशेदपुर, 20 नवंबर (रिपोर्टर) : स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) को 12वां स्थान प्राप्त हुआ है, जबकि पिछले वर्ष 13वां स्थान प्राप्त हुआ था. नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित स्वच्छ अमृत महोत्सव अवार्ड समारोह में जमशेदपुर को गार्बेज फ्री सिटी एवं सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज हेतु दो विशेष अवार्ड प्राप्त हुए.

सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज में देश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ, जिसमें जमशेदपुर को पांच करोड़ की इनामी राशि भी प्राप्त हुई. वहीं विगत वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी जुगसलाई नगर परिषद ने सफलता का परचम लहराते हुए पॉपुलेशन कैटेगरी के (25-50 के) में राज्य में पुनः प्रथम स्थान प्राप्त किया. इसके अलावा जुगसलाई नगर परिषद को 'स्वच्छ सिटी एवार्ड' के तहत 'बेस्ट सिटी इन सिटीजन फीडबैक' (पॉपुलेशन कैटेगरी) से पुरस्कृत किया गया. अवार्ड समारोह में जिले के उपायुक्त सूरज कुमार, जुगसलाई नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी जगदीश यादव, जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के विशेष पदाधिकारी कृष्ण कुमार, जुस्को के महाप्रबंधक कैप्टन धनंजय मिश्रा, जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के नगर प्रबंधक संदीप कुमार तथा जुगसलाई नगर परिषद के नगर प्रबंधक राजेन्द्र कुमार शामिल हुए.

पुरस्कार ग्रहण करते उपायुक्त सूरज कुमार व अन्य अधिकारीगण.

### अप्रैल-20 से शुरू हुआ था सर्वेक्षण

स्वच्छ सर्वेक्षण का प्रारंभ अप्रैल-2020 से हुआ जो कि फरवरी 2021 तक चला. इसका परिणाम आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने जारी किया. इस मौके पर उपायुक्त सहित अन्य प्रशासनिक पदाधिकारियों ने शहरवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया. स्वच्छ सर्वेक्षण में जुगसलाई को 6000 में से कुल 3169 अंक प्राप्त हुए हैं. साथ ही जुगसलाई को ओडीएफ+ सर्टिफिकेट भी प्राप्त है. वहीं जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति को स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 हेतु निम्न प्रकार से अंक प्राप्त हुए :

| | |
|---|---|
| 1. सर्विस लेवल प्रोग्रेस | 1935.55/2400 |
| 2. सिटीजन वॉइस | 1621/1800 |
| 3. सर्टिफिकेशन | 1100/1800 |
| कुल | 4656.51/6000 |

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA